सुन्दर तेरी हवेली हो बाबा

सुन्दर तेरी हवेली हो बाबा,
नाम बड़ा है तेरा,
खाटू जी मैं धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

द्वार पे बैठे बजरंगी और,
गोपी नाथ तेरे संग मैं,
श्याम बहादुर भक्त आलूसिंह,
रंगे श्याम तेरे रंग मैं,
मोरछड़ी जो तेरे हाथ,
वो करती दूर अँधेरा,
खाटू जी मैं धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

ढोल नगाड़े बजे तेरे दर,
की शोभा प्यारी,
शीश झुकावे तने मनावे,
दुनिया के नर और नारी,
श्याम कुंड और श्याम बगीची,
तेरा कई किलो मैं डेरा,
खाटू जी मैं धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

निर्धन धन बलवान हो,
निर्बल सब तेरी कृपा है ,
जो तेरे चरना मैं बैठ जा,
उसकी पूरी मनसा है ,
दुःख बिपदा उसकी भागी,
तेरा नाम है जिसने टेरा,
खाटू जी मैं धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

प्यारा प्यारा सोना सोना,
मेरा श्याम धणी महाराज ,
नीले घोड़े पे करे सवारी,
भक्तो का सरताज ,
छोटी वाला है शरण तिहारी,
और हरीश गावे गुण तेरा,
खाटू जी मैं धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

सुन्दर तेरी हवेली हो बाबा,

नाम बड़ा है तेरा,
खाटू जी में धाम हो बाबा,
सब ने आसरा तेरा........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30450/title/sundar-teri-haveli-ho-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |